150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सत्यमेव जयते

भीम BHIM भारत इंटरफेस फॉर मनी

राजस्थान सरकार
कार्यालय आयुक्त उद्योग
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर – 302005

संशोधित विज्ञप्ति

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर से हाथकरघा प्रौद्योगिकी में त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स के प्रथम वर्ष में आवेदन करने की अन्तिम तिथि उद्योग विभाग द्वारा पूर्व में जारी विज्ञप्ति दिनांक 15.07.2020 में अंकित दिनांक 27.07.2020 के स्थान पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा जारी संशोधित शैक्षणिक कलैण्डर के अनुसार 15 सितम्बर, 2020 मंगलवार है।

भारतीय **हाथकरघा** प्रौद्योगिकी संस्थान, राधाकृष्णापुरम चौपासनी चौखा रोड, जोधपुर–342001 राजस्थान में त्रिवर्षीय (6 सेमेस्टर) हाथकरघा एवं वस्त्र प्रौद्योगिकी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

1. राजस्थान राज्य कोटे हेतु आवंटित कुल सीटें –16
2. आवेदन हेतु पात्रता मापदण्ड

अ– अभ्यार्थी सैकण्डरी या समकक्ष उत्तीर्ण होना चाहिए तथा इस परीक्षा में अंग्रेजी एक अध्ययन का विषय रहा हो।

ब– आयु सीमा–अभ्यार्थी की दिनांक 01.07.2020 को आयु न्यूनतम 15 वर्ष एवं अधिकतम 23 वर्ष एवं अनुसूचित जाति/ जन जाति के अभ्यार्थियों के लिए न्यूनतम 15 वर्ष एवं अधिकतम 25 वर्ष तक होनी अनिवार्य है

स– राज्य सरकार की नीति अनुसार अ.जा/ज.जा./ अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये नियमानुसार आरक्षण रहेगा।

द– बुनकर समुदाय के अभ्यार्थियों हेतु कुल सीट का 20 प्रतिशत आरक्षण रहेगा। इस समुदाय के पर्याप्त संख्या में अभ्यार्थी नहीं मिलने पर शेष रिक्तियां अन्य श्रेणी से भरी जायेगी।

य– अन्तिम तिथि– आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में मय शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों के दिनांक **15 सिम्बर, 2020** मंगलवार तक जिला उद्योग केन्द्र, न्यू पावर हाउस रोड, मिनी उद्योग भवन, जोधपुर में अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

विशेष :–

1– प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को सरकार द्वारा निर्धारित दर से स्टाईपण्ड प्राप्त होगा।

2– त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण विद्यार्थी संबंधित ब्रान्च में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिये भी पात्र होते हैं।

नोट :– 1–आवेदन पत्र प्रत्येक जिले में जिला मुख्यालय पर स्थित जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में सम्पर्क करें। आवेदन पत्र मुख्यालय की वैबसाईट http://industries.rajasthan.gov.in/content/industries/doi/ProgrammesSchemes/StateGovernmentLevel.html# पर भी उपलब्ध है।

2–उद्योग विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति दिनांक 15.07.2020 के कम में जिन अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन पत्र प्रेषित कर दिया गया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

आयुक्त उद्योग

वेबसाईट– industries.rajasthan.gov.in, ई-मेल– indraj.....@rajasthan.gov.in
EPABX-0141-2227630, 2227727, 29, 31, 32, 33, 34